दूरभाष: 7052777781

प0सं0यूपीएसएस / 315 / क्यू.एम. / 2022
कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय
उ0प्र0 सैनिक स्कूल,
सरोजनी नगर,
लखनऊ।
दिनांक: 31 मार्च 2022

सेवा में,

मुख्य अभियंता (मध्य क्षेत्र)
लोक निर्माण विभाग,
महात्मा गाँधी मार्ग,
लखनऊ–226001

विषय: कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय उ0 प्र0 सैनिक स्कूल, लखनऊ को भवन सुरक्षा प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने के संबंध में।

महोदय,

1. अवगत हो कि कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय उ0 प्र0 सैनिक स्कूल, लखनऊ प्रदेश सरकार की एक विशिष्ट आवासीय संस्था है। विद्यालय का संचालन उ0 प्र0 सैनिक स्कूल समिति के द्वारा राज्य सरकार के सीधे नियंत्रण में किया जाता है। माननीय मुख्यमंत्री महोदय विद्यालय समिति के पदेन अध्यक्ष है। विद्यालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के प्रतिभावान बच्चों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास कर उन्हें भारतीय सशस्त्र सेनाओं के अधिकारी वर्ग में चयन हेतु राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला, पुणे के लिए तैयार किया जा सके।

2. उक्त के कम में अवगत हो कि विद्यालय में कक्षा–7 से कक्षा–12 तक की कक्षायें संचालित होती है तथा विद्यालय केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली से सम्बद्ध है विद्यालय की केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली से वार्षिक सम्बद्धता हेतु केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निर्देशानुसार मुख्य अभियंता (मध्य क्षेत्र), लोक निर्माण विभाग, महात्मा गाँधी मार्ग, लखनऊ द्वारा जारी भवन सुरक्षा प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित है।

3. अतः अनुरोध है कि भवन सुरक्षा प्रमाण पत्र निर्गत करने का कष्ट करे ताकि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली को विद्यालय की वार्षिक सम्बद्धता हेतु आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराये जा सके।

भवदीय

(राजेश राघव)
कर्नल
प्रधानाचार्य

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. आयुक्त,
   लखनऊ मण्डल, लखनऊ।
2. जनरल सेक्रेटरी
   उ0प्र0 सैनिक स्कूल सोसायटी एवं
   विशेष सचिव, मा0 शिक्षा, उ0 प्र0 शासन,
   माध्यमिक शिक्षा, अनुभाग–01, सचिवालय लखनऊ।

school land-2011